संपादकीय

वादे के इरादे

अभी देश का जनमानस अच्छे दिन और पंद्रह लाख के यथार्थ से उबर ही पाया था कि छत्तीसगढ़ में किसान आभार रैली में राहुल गांधी ने 'न्यूनतम आमदनी गारंटी योजना' की घोषणा कर दी। इसी छत्तीसगढ़ में उन्होंने किसानों की कर्ज माफी की घोषणा की और तीन राज्यों में जीत का स्वाद चखा। इसी तर्ज पर न्यूनतम आमदानी गारंटी योजना शुरू करने की बात कही है। कुछ लोग इसे कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं तो कुछ लोग इसे इंदिरा गांधी के शासन काल में गरीबी हटाओ के जुमले की तर्ज पर मान रहे हैं। बहरहाल, कांग्रेस इस मुद्दे को अपने चुनावी घोषणापत्र मेंशामिल करने जा रही है। वैसे देश के अर्थशास्त्री व आर्थिक विषयों के लेखक अर्से से मांग करते रहे हैं कि सरकारी योजनाओं की सब्सिडी व अन्य कल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के चलते एक निश्चित रकम गरीब या किसान के खाते में डाल दी जाये, ताकि देश में कोई भूखा न सोये। हाल-फिलहाल ऐसी योजना किसानों को लेकर तेलंगाना में शुरू की गई है, जिसमें हर फसल पर एकमुश्त रकम किसान के खाते में डाली जा रही है।

नि:संदेह यह सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का ही एक हथकंडा है जो देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले बोझ व उत्पादकता के मुद्दे पर सवाल है। सवाल यह भी है कि इस योजना को अमलीजामा कैसे पहनाया जायेगा। गरीबों की संख्या का निर्धारण कैसे होगा। कितनी रकम दी जाये, इसका क्या फार्मूला होगा इसका देश के सकल घरेलू उत्पाद में क्या योगदान होगा दरअसल, इस विचार की शुरुआत मोदी सरकार ने की थी और वह मंथन करती रही, मौके का चौका राहुल गांधी ने मार दिया। वर्ष 2016-17 की आर्थिक समीक्षा में सार्वभौमिक मूलभूत आय अर्थात् यूनिवर्सल बेसिक इनकम का विचार रखा गया था, जिसमें कहा गया था कि अति गरीब लोगों के हितों की रक्षा करना सरकार का दायित्व है। लेकिन यदि अब मोदी सरकार यूबीआई के विचार को आगे बढ़ाती है तो उसे नकल कहा जायेगा। राहुल ने न्यूनतम आमदानी गारंटी योजना में कहा है कि गरीब के खाते में एक न्यूनतम आमदनी आयेगी। सवाल उठता है कि जब कांग्रेस मोदी सरकार के जनधन खाते और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना का विरोध करती रही है तो फिर वह यूबीआई को हकीकत में कैसे बदलेगी तो क्या फिर लोग कामधाम छोड़कर सरकारी कृपा पर आश्रित हो जायेंगे क्या यह सामाजिक कुरीतियों को जन्म नहीं देगी।

मार्च तक 10 करोड़ किसानों के खातों में आएंगे 2000 रुपये: सरकार

नई दिल्ली,04 फरवरी (आरएनएस)। मोदी सरकार मार्च के अंत तक लगभग 10 करोड़ किसानों को 2,000-2000 रुपये का भुगतान करेगी। कृषि राज्य मंत्री गजेंद्र शेखावत ने ईटी को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कम जमीन वाले किसानों के लिए प्रधानमंत्री-किसान योजना के तहत इसके बाद के भुगतान करने में भी सरकार को कोई मुश्किल नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि पहला भुगतान करने की प्रक्रिया में कुछ मुश्किल हो सकती है। शेखावत ने बताया, दूसरी किस्त का भुगतान आसान होगा क्योंकि सभी

राज्यों से मांगी गई सूची

लाभार्थियों के बैंक खाते उनके आधार से लिंक हो जाएंगे।

यूपी-बिहार में कुछ मुश्किल- विशेषज्ञों और पूर्व ब्यूरोक्रेट्स का कहना है कि इस स्कीम को लागू करने में परेशानी हो सकती है, विशेषतौर पर बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में मुश्किल हो सकती है जहां जमीन के रेकॉर्ड पूरी तरह डिजिटाइज नहीं हैं। लोकसभा चुनाव में कुछ महीने बाकी होने के कारण इस योजना को तेजी से लागू करने की कोशिश की जाएगी।

राज्यों से मांगी गई सूची- शेखावत ने बताया कि सरकार ने राज्यों से पात्र किसानों की सूची मांगी है। हालांकि, केंद्र के पास पहले से काफी डेटा है। इस योजना की घोषणा शुक्रवार को अंतरिम बजट में की गई थी।

अधिकतर किसानों का डेटाबेस

शेखावत ने कहा, हमारे पास अधिकतर किसानों का डेटाबेस है क्योंकि वे पहले से हमारी विभिन्न सब्सिडी स्कीमों का लाभ ले रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई भी राज्य इस योजना में पीछे रहना चाहेगा। आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा कि कृषि मंत्रालय इस योजना को लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। गर्ग ने बजट के बाद कहा, मंत्रालय इसे जितना तेजी से संभव हो, लागू करेगा। मूलभूत मापदंड तैयार है। दो हेक्टेयर तक जमीन रखने वाले छोटे और मझोले किसानों की पहचान करने की जरूरत है।

इस साल 20 हजार करोड़ का खर्च- अंतरिम वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने अपने बजट भाषण में कहा था कि मौजूदा फाइनेंशियल इयर में इस योजना के लिए 20,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। यह रकम लगभग 10 करोड़ किसानों को 2,000 रुपये की एक किस्त देने के लिए पर्याप्त है। अगले फाइनैंशल इयर के लिए 75,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इससे 12 करोड़ किसानों को ऐसी तीन किस्तें दी जा सकेंगी।

ट्विटर जल्द ला रही खास फीचर, करोड़ों यूजर्स को होगा फायदा

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर यूजर्स के लिए ट्वीट एडिट करने के फीचर को जोड़ने की संभावनाओं पर विचार कर रही है, लेकिन इस फीचर में मूल ट्वीट भी देखा जा सकेगा। 9टू5मैक ने एक साक्षात्कार में ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जैक डोर्से द्वारा दिए बयान के हवाले से कहा, हम ट्वीट सेंड करने में 5-30 सेकेंड की देरी का फीचर ला सकते हैं और उस विंडो के अंदर, आप एडिट कर सकते हैं।

साइट पर इस फीचर की कमी पर डोर्से ने कहा कि प्लेटफॉर्म टेक्स्ट मैसेजिंग एप के एसएमएस फॉर्मेट पर बना है। उन्होंने कहा, जब आप टैक्स्ट मैसेज करते हैं तो आप इसे वापस नहीं ले सकते। जब आप ट्वीट करते हैं तो यह तुरंत पूरी दुनिया में फैल जाता है।

स्विस बैंकों में खाते रखने वालों के सामने आखिरी रास्ता

मुंबई (आरएनएस)। तमाम उतार-चढ़ावों के बाद एचएसबीसी जेनेवा के इंडियन क्लाइंट्स के स्विस अकाउंट्स का किस्सा आखिरी दौर में पहुंचता दिख रहा है। पिछले हफ्ते से स्विस फेडरल टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन ने इन कस्टमर्स को लेटर भेजने शुरू किए हैं। इनमें भारतीय अधिकारियों को अकाउंट्स की जानकारी देने से पहले क्लाइंट्स से इस बात की सहमति मांगी जा रही है। स्विट्जरलैंड के कानून में सहमति लेने का रिवाज है।

भारत को जानकारी देने से पहले नोटिस

एक सूत्र ने बताया कि कम से कम चार लोगों को स्विस एफटीए का लेटर मिला है। इनमें एक हीरा कारोबारी, एक होलसेल ट्रेडर और मझोले आकार की मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को संभाल रहे लोग शामिल हैं। इन लोगों को दस दिनों में जवाब देना है।

सहमति दें या ना दें- हालांकि इन लोगों के लिए मामला सांप-छंछूदर वाला हो गया है। विदेशी खातों से जुड़े मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले एक शख्स ने कहा, देर-सबेर जानकारी भारत आएगी ही। अगर वे रजामंदी देंगे तो यह स्विस खातों में बेहिसाबी रकम रखने के अपराध की स्वीकारोक्ति होगी। अगर वे रजामंदी न दें तो उनके लिए बचाव की रणनीति बनाना मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें पता नहीं होगा कि किस तरह की जानकारी भारत से साझा की गई।

सहमति दे दिए जाने पर डेटा तुरंत ही इंडिया के टैक्स डिपार्टमेंट और कस्टमर को भी दे दिया जाएगा। हालांकि रजामंदी न देने वाले कस्टमर्स से जुड़ी जानकारी भी एक समय के बाद स्विस ऑफिशल गजट में दर्ज होने के बाद साझा कर दी जाएगी।

बीपीएसएल को बचाने के लिए सिंघल ने 47,151 करोड़ चुकाने का ऑफर दिया

नई दिल्ली (आरएनएस)। भूषण पावर ऐंड स्टील को नीलामी से बचाने के लिए इसके प्रमोटर संजय सिंघल ने आखिरी कोशिश के तहत एक दांव चला है। उन्होंने कर्ज देने वाले संस्थानों को ऑफर दिया है कि वह उनका पूरा 47151 करोड़ रुपये का बकाया चुका देंगे। उन्होंने यह ऑफर कंपनी की इनसॉल्वेंसी से जुड़ी कार्यवाही में संभावित फैसले से एक दिन पहले दिया। इस कंपनी की इनसॉल्वेंसी की कार्यवाही 18 महीने पहले शुरू हुई थी।



टाटा स्टील, ब्रिटेन की लिबर्टी हाउस और जेएसडब्ल्यू स्टील भी भूषण पावर ऐंड स्टील को हासिल करने की होड़ में हैं। शुरू में इसमें दूसरी कंपनियों की दिलचस्पी कम थी, लेकिन इनसॉल्वेंसी प्रोसेस के दौरान इसका कैपेसिटी यूटिलाइजेशन लेवल 90 प्रतिशत तक जाने और पिछली छह तिमाहियों में सेल्स ग्रोथ लगातार बढ़ने से इसका आकर्षण बढ़ा है।

आज आ सकता है फैसला

अधिकतर लेंडर्स ने जेएसडब्ल्यू स्टील के 19300 करोड़ रुपये के ऑफर के पक्ष में पिछले साल अक्टूबर में वोट दिया था। एक अपीलेट बैंकरप्सी कोर्ट सोमवार को इस मामले में फैसला कर सकता है।

आईबीसी के सेक्शन 12ए की दलील

एस्सार स्टील के रुइया परिवार के बाद सिंघल ऐसे दूसरे प्रमोटर हैं, जिन्होंने इनसॉल्वेंसी ऐंड बैंकरप्सी कोड लागू होने के बाद ऐसा ऑफर दिया है। कंपनी के दो मुख्य क्रेडिटर्स स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नैशनल बैंक को 29 जनवरी को भेजे गए एक औपचारिक पत्र में सिंघल ने आईबीसी के सेक्शन 12ए के प्रावधानों के जरिए कंपनी को इनसॉल्वेंसी प्रोसीडिंग्स से बाहर निकालने की मांग की है।

डॉलर के मुकाबले रुपया फिसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। डॉलर के मुकाबले रुपये में सोमवार को फिर गिरावट दर्ज की गई। डॉलर के मुकाबले रुपया पिछले सत्र से 42 पैसे की कमजोरी के साथ 71.66 पर बना हुआ था।

कारोबार की शुरुआत में रुपया डॉलर के मुकाबले पिछले सत्र से 36 पैसे फिसलकर 71.60 पर खुला। अंतरिम बजट पेश होने के बाद रुपये में कमजोरी देखी जा रही है। पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में भी तेजी बनी रही, जिससे रुपये पर दबाव बना है। हालांकि कच्चे तेल के भाव में फिर नरमी देखी जा रही है।

उधर, डॉलर के मुकाबले यूरो समेत कुछ मुद्राओं में कमजोरी आने से डॉलर इंडेक्स में तेजी आई है। डॉलर इंडेक्स 0.14 फीसदी की बढ़त के साथ 95.43 पर बना हुआ था, जबकि एक यूरो का विनिमय मूल्य 1.1439 डॉलर दर्ज किया गया।

आज का राशिफल

मेष:- आज मकर राशि में चार ग्रहों का संयोग बना है जिससे सभी राशियों के लोग प्रभावित होंगे सबसे पहले हम मेष राशि की बात करते हैं। आज बुरे विचार, व्यवहार और आयोजन से दूर रहें ऐसी गणेशजी की सलाह है, वर्ना शारीरिक आलस्य एवं व्याकुलता बढ़ेगी।

वृषभ:- सरकार विरोधी कार्य एवं प्रवृत्तियों से बचने का प्रयास करें। नए कार्य का प्रारंभ न करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन कुछ परेशान रहेगा। वाणी पर संयम रखें। व्यवसाय में परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।

मिथुन:- आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा। मन को प्रसन्न और हल्का करने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। आप सेहीजनों व मित्रों को भी इस आनंद में सहभागी बनाएंगे। परंतु मध्याह्न के बाद मन चिंताग्रस्त रहेगा।

कर्क:- बहुत बड़ा आर्थिक लाभ आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। व्यापारियों के लिए आज का दिन लाभदायी है। कार्य की सफलता के कारण पदोन्नति और यश की प्राप्त होगी।

सिंह:- साहित्य-कला के प्रति आज आपकी रुचि बढ़ सकती है। पेट संबंधी बीमारियों से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। मध्याह्न के बाद आर्थिक संकट का अंत होगा। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा।

कन्या:- शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ रहने और ध्यान देने की गणेशजी आपको सलाह देते हैं। माता का स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। धन की हानि हो सकती है। यात्रा-प्रवास न करें।

तुला:- आज का दिन नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए अनुकूल है ऐसा संकेत गणेशजी देते हैं। आध्यात्मिक विषय तथा गूढ़ रहस्यों की और आकर्षण रहेगा। परंतु मध्याह्न के बाद स्फूर्ति और प्रसन्नता का अभाव रहेगा।

वृश्चिक:- परिजनों के साथ मतभेद या विवाद होने की आशंका है। वाणी पर संयम रखना होगा। कार्य में अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। मन में दुविधा रहेगी।

धनु:- आज के दिन आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं ऐसा गणेशजी कहते हैं। किसी सेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा अथवा तो धार्मिक स्थल पर जाने के भी योग हैं।

मकर:- कोर्ट-कचहरी से बचने का प्रयास करें। मन की व्यग्रता आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव न डाले इसका ध्यान रखिएगा। वाणी-व्यवहार पर संयम बरतें।

कुंभ:- आज का दिन लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ सकता है। धन का खर्च अधिक हो सकता है।

मीन:- विचारों में आज दृढ़ता बनाए रखने का प्रयास करें। व्यवसाय में उच्च अधिकारियों से लाभ होगा। पदोन्नति के योग हैं। व्यापार संबंधित आयोजन होने की संभावना है। परिवार में सुख- शांति रहेगी। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ मिलेगा।

वेस्ट इंडीज के कप्तान होल्डर तीसरे टेस्ट मैच से निलंबित

दुबई (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धीमी ओवर गति का दोषी पाए जाने के बाद वेस्ट इंडीज के कप्तान जैसन होल्डर को एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है।

क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, होल्डर अब इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ एंटिगुआ में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति का दोषी पाया गया है।

होल्डर के स्थान पर अब क्रैग ब्रैथवेट तीसरे टेस्ट में टीम की कमान संभाल सकते हैं। वह इससे पहले पिछले साल बांग्लादेश दौरे पर भी दो मैचों की वेस्ट इंडीज टीम की कप्तानी कर चुके हैं। तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच सेंट लुसिया में शनिवार से खेला जाएगा।

वेस्ट इंडीज ने एंटिगुआ में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में रविवार को इंग्लैंड को 10 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। मेजबान टीम ने पहला टेस्ट 381 रन से जीता था।

श्रीलंका को 366 रन से रौंद कर ऑस्ट्रेलिया ने जीती सीरीज

कैनबरा (आरएनएस)। तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क (46 रन पर पांच विकेट) के एक और घातक प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को 366 रन से रौंद कर दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। ऑस्ट्रेलिया ने कल अपनी दूसरी पारी तीन विकेट 196 रनों पर घोषित कर श्रीलंका के सामने जीत के लिए 516 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था। श्रीलंका ने बिना कोई विकेट खोए 17 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पारी 51 ओवर में 149 रन पर सिमट गयी।

श्रीलंका के चार बल्लेबाज ही दहाई की संख्या में पहुंच सके। ओपनर लाहिरू तिरिमाने ने 30, निरोशन डिकवेला ने 27, कुशल मेंडिस ने सर्वाधिक 42 और चमिका करुणारत्ने ने 22 रन बनाये। पहली पारी में पांच

विकेट लेने वाले मिशेल स्टार्क ने दूसरी पारी में भी कहर बरपाते हुए 18 ओवर में 46 रन पर पांच विकेट झटके और मैच में अपने 10 विकेट पूरे किये। स्टार्क को इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

पैट कमिंस ने आठ ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट हासिल किये और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। इस सीरीज जीत से ऑस्ट्रेलिया ने भारत से अपने घर में मिली 1-2 की टेस्ट सीरीज हार का गम कुछ कम किया।

कच्चे टमाटर की टेस्टी सब्जी

कच्चे टमाटर की सब्जी बहुत ही टेस्टी और हेल्दी डिश है। जो पेट भरने के साथ ही आपके बैली फैट को भी नहीं बढ़ने देगी। तो कैसे बनाएं इसकी टेस्टी डिश, जानते हैं यहां...

सामग्री :-

4 कटे हुए हरे टमाटर, 2 प्याज, 1 चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट, 1/2 चम्मच जीरा, 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 हरी मिर्च, 1 चम्मच धनिया पाउडर, 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर, 1/2 चम्मच गरम मसाला, 1 चम्मच हरा धनिया, 2 बड़े चम्मत देसी घी, स्वादानुसार नमक

विधि :-

सबसे पहले हरे टमाटर को धोकर उसे टुकड़ो में काट लें। प्याज़ को छील कर हरी मिर्च के साथ मिक्सर में पीस लेंगे।

अब कड़ाही में घी गरम करके जीरा भुनें। इसके बाद प्याज़ और हरी मिर्च का पेस्ट डालेंगे।

मीडियम आँच पर प्याज़ को सुनहरा होने तक पकाएं। अब अदरक लहसुन का पेस्ट कड़ाही में डालें और 1 -2 मिनिट के लिए पकाएं।

इसके बाद कड़ाही में हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और 2 चम्मच पानी डाल लें और मसाले को 1 से 2 मिनट अच्छे से भुनें।

अब कटे हुए हरे टमाटर और स्वादानुसार नमक डालकर मिक्स कर और 3 से 4 मिनट पकाएं।

तैयार है हरे टमाटर की सब्जी, ऊपर से गरम मसाला और हरा धनिया छिड़क कर लंच या डिनर जिसमें भी दिल हो परोसें।

शब्द सामर्थ्य-68

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चाँद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 67 का हल

ज	ल		आ	वा	जा	ही		
मा		खू	ब		दू	र	स्थ	
ना	दा	न		सा	ग		ल	क्ष्य
	न	ख		त	र	ल		
	वी	रा	न			च	ट	क
	र	ब		आ	ज	क	ल	
			आ	ग		दा	ना	
	अ	ग	र	म	ग	र		क्रो
भा	भी		ती	न			व	ध

सू-दोकू-68

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.67 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6